श्री बंशीधर नगर, बुधवार
05.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 188

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:16 बजे
अस्त - 06:00 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 17 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

बंशीधर महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श >> पेज 03
कार्तिक के फैमिली फंक्शन में डांस करती दिखीं श्रीलीला >> पेज 04

**सुविचार**

अपनी ताकत का परिचय तब देना, जब सामने वाला हल्के में लेने लगे

**न्यूज अपडेट्स**

### आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी ने की खुदकुशी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बैरक से सटे बाथरूम में कैदी की डेड बॉडी गमछे के सहारे फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया है। मंगलवार सुबह को शव पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया। जेल प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा हुआ है। जेल के अंदर कैदी के जरिये सुसाइड करने के मामले को बड़ी लापरवाही मानी जा रही है। कैदी की पहचान शाबीर अंसारी( 34) के रूप में हुई है। शाबिर गढ़वा जिले के रमना का रहने वाला था। हत्या के मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। वर्ष 2023 से वह मेदनीनगर सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। जानकारी के अनुसार कुछ कैदियों ने बैरक से सटे बाथरूम में शाबिर अंसारी का शव फंदे पर लटका देखा । सूचना मिलते ही जेल प्रशासन में अफरा तफरी मच गई। जेलर आशीष कुमार सिन्हा सहित अन्य कर्मियों ने बाथरूम से शव को उतारा और फिर उसे एमआरएमसीएच में भेजा। यहां डॉक्टर ने कैदी को मृत पाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में रखा गया है। परिजनों के आने के बाद मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड के माध्यम से वीडियो ग्राफी करते हुए पोस्टमार्टम किया जाएगा। जेलर आशीष कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**विकास** विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में उठाया कॉरिडोर निर्माण का मामला

# श्री बंशीधर मंदिर में बनेगा कॉरिडोर

### प्रशासनिक कवायद तेज

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर में कॉरिडोर बनाने के लिये प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को विधानसभा में ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर में कॉरिडोर बनाने का मामला उठाकर उसमे तेजी ला दिया है। विधायक श्री देव ने सदन को बताया कि दो सौ वर्ष पूर्व श्री बंशीधर नगर में श्री बंशीधर मंदिर की स्थापना की गई है। श्री बंशीधर जी नगर गढ़ की राजमाता शिवमानी कुंवर के स्वप्न में आये हैं। श्री बंशीधर मंदिर में प्रत्येक दिन हजारों की संख्या में विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिये आते हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व श्री बंशीधर मंदिर को पर्यटन विभाग के द्वारा ए श्रेणी का दर्जा दिया गया है जो अंतराष्ट्रीय पर्यटन में आता है। विधायक श्री देव ने कहा कि श्री बंशीधर मंदिर कॉरिडोर बन जाने से जहां धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक समृद्धि आयेगी। वहीं श्री बंशीधर मंदिर का नाम देश दुनिया में जाना जाने लगेगा। उन्होंने सदन से शीघ्र ही श्री बंशीधर मंदिर में कॉरिडोर का निर्माण कराने की मांग की। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ पत्रकार धीरेन्द्र चौबे लगातार श्री वंशीधर मंदिर कॉरिडोर की मांग करते रहे हैं। श्री चौबे ने पिछले वर्ष 30 दिसंबर को नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव से नगर गढ़ स्थित उनके निवास पर मिलकर वंशीधर मंदिर कॉरिडोर बनाने संबंधी मांग पत्र सौंपा था। विधायक श्री देव द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से कॉरिडोर बनवाने की मांग की है। विधायक द्वारा कॉरिडोर की मांग उठाने पर श्री बंशीधर नगर में हर्ष का माहौल है।

### विधायक ने महदेईया में बने उपकारा को चालू करने व नील गाय के आतंक को रोकने का मामला उठाया

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** विधायक अनंत प्रताप देव ने मंगलवार को विधान सभा में श्री बंशीधर नगर के महदेईया में बने उप कारा को चालू करने का मामला उठाया है।विधायक श्री देव ने कहा कि श्री बंशीधर नगर के महदेईया में उप कारा का निर्माण कराया गया है जिसे अभी तक चालू नहीं किया गया है। उन्होंने सदन में बताया की अनुमंडल में न्यायालय बन जाने के बाद न्यायालय में किसी आरोपी को प्रस्तुत किया जाता है तो उसे अनुमंडल से 40 किलोमीटर दूर गढ़वा कारा से लाया जाता है। जबकी अनुमंडल में उप कारा बन कर तैयार है। उन्होंने सदन से शीघ्र ही उपकारा को चालू कराने की मांग की। विधायक ने सदन में अनुमंडल के सभी प्रखंडों में नील गाय के आतंक से किसानों के फसल का हो रहे नुकसान का भी मामला उठाया। उन्होंने बताया कि अनुमंडल में नील गाय का आतंक जोरों पर है। नील गाय के आतंक के कारण किसान खेती करने से कतरा रहे हैं। उन्होंने सदन से जनहित में नील गाय के आतंक को रोकने और किसानों के फसल के हुये क्षति का आकलन कर मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## एसीबी ने रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को किया गिरफ्तार




**चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया अनुमंडल कार्यालय से एसीबी की टीम ने घूस लेते कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार किया है। सिमरिया एसडीओ के गोपनीय कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर आफताब अंसारी की गिरफ्तारी हुई है। उसे दस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है। अनुमंडल कार्यालय परिसर से भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते ने अभियान चलाकर ऑपरेटर को घूस की रकम के साथ गिरफ्तार किया है। सिमरिया प्रखंड के शिला गांव निवासी अनिल कुमार से लंबित भूमि वाद के मामले में उसके पक्ष में फैसला दिलाने के नाम पर 40 हजार रुपये की मांग की थी। पीड़ित ने इसकी जानकारी एसीबी को दी थी। एसीबी ने जांच पड़ताल के बाद मामले को सही पाया। इसके बाद एसीबी टीम ने पहली किस्त के रूप में 10 हजार लेने के क्रम में कंप्यूटर ऑपरेटर को गिरफ्तार कर लिया। आफताब सिमरिया ब्लॉक के पुंडरा गांव निवासी बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद आफताब को एसीबी हजारीबाग ले गई है। एसीबी एसपी आरिफ इकराम ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

## हाईकोर्ट से रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को मिली राहत

### नगर निगम के आदेश पर रोक



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालकों को बड़ी राहत दी है। खंडपीठ में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज की याचिका पर सुनवाई करते हुए रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इनसे लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो रही है। कोर्ट ने प्रथम द्दष्टया माना कि रांची नगर निगम का आदेश समानता के अधिकार और व्यवसाय करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। नगर निगम ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ इनकी ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस भवन में चल रहे हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम से स्वीकृत है। रूफ टॉप पर केवल बार एवं रेस्टोरेंट संचालित है। जहां कुर्सी टेबल के अलावा अस्थाई संरचना बनाई गई है। इसका किचन और स्टोर स्वीकृत नक्शा के अंदर संचालित है। दोनों रेस्टोरेंट अग्निशमन सुरक्षा के मापदंड को पूरा कर रहे हैं। विभाग से भी इन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया है। फूड सेफ्टी लाइसेंस, बार लाइसेंस आदि भी सक्षम पदाधिकारी से प्राप्त है। रांची नगर निगम के पास रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन को लेकर कोई नियमावली नहीं है। 24 फरवरी को रांची नगर निगम रूफ टॉप बार रेस्टोरेंट को लेकर एक ड्राफ्ट नियमावली बनाई है। इसपर लोगों से आपत्ति मांगी गई है। दोनों रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट ने म्यूनिसिपल एक्ट 2011 और बिल्डिंग बायलाज 2016 का उल्लंघन नहीं किया है। इसलिए रांची नगर निगमकी ओर से इनको बंद करने का आदेश अनुचित है। इस दौरान रांची नगर निगम की ओर से इन दोनों रेस्टोरेंट की निरीक्षण रिपोर्ट कोर्ट को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि रांची नगर निगम की ओर से शहरी क्षेत्र में संचालित 33 रूफ टाप बार एवं रेस्टोरेंट को बंद करने का आदेश दिया है।

### भाजपा विधायक राज सिन्हा ने उठाया धनबाद के पेयजल का मुद्दा

## रेलवे व एनएचएआई से लेनी चाहिए थी एनओसी : स्पीकर



**रांची।** विधान सभा में धनबाद में पिछले पांच-साल पहले शुरू हुईं पेयजल योजनाओं के पूरा नहीं होने का मुद्दा सदन में गूंजा। इस पर सरकार ने एनओसी नहीं होने के चलते देरी की बात कही तो विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर) राजेन्द्र नाथ महतो को इसमें दखल देना पड़ा। उन्होंने कहा कि जब डीपीआर बन रही थी, तभी रेलवे और एनएचआई से एनओसी लेनी चाहिए थी। विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन भाजपा विधायक राज सिन्हा ने धनबाद में पेयजल आपूर्ति का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि धनबाद में शुद्ध पेयजल के लिए 917.69 करोड़ की तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं हैं। जो पिछले पांच-छह साल पहले ही शुरू हुई थीं, लेकिन अब तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इन योजनाओं में कहीं विभागों से एनओसी प्राप्त न हो पाना, पाइप लाइन बिछाने के कार्य धीमा होना और विभागीय शिथिलता व संवेदकों की मिलीभगत से बार-बार योजनाओं के रि-एस्टीमेट के कारण सिर्फ 60 फीसदी ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं। राज सिन्हा ने यह भी पूछा कि पांच साल तक बगैर एनओसी के योजना कैसे शुरू हो गयी। इस योजना के पूरा होने में और कितने साल लगेंगे। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने जवाब देते हुए बताया कि पेयजल योजनाओं को फेज-वन एनओसी मिलने के बाद एक साल में पूरा कर लिया जाएगा। फेज-टू एनओसी मिलने के बाद 15 महीने में पूरा होगा। वहीं झामडा की योजना तीन महीने में पूरी कर ली जाएगी। इस पर विधायक रागिनी सिंह ने भी कहा कि झरिया में पानी की समस्या है। नगर आयुक्त का भी रवैया ठीक नहीं है। मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि एनएचएआइ और रेलवे से एनओसी लेने का प्रयास हो रहा है। पत्राचार पर पत्राचार हो रहा है, लेकिन केंद्र नहीं सुन रहा है।

## पार्टी में माफ नहीं होगी अनुशासनहीनता : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति की बैठक कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। बैठक में पिछले विधानसभा के चुनाव में पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ अनुशासनहीनता का मामला जिलाध्यक्ष और पार्टी के प्रत्याशियों की ओर से समिति के संज्ञान में लाया गया था, जिसपर समिति ने इन नेताओं से स्पष्टीकरण देने के लिए पत्र लिखा था। समिति के पत्र के बाद इन नेताओं ने अपना स्पष्टीकरण समिति को दिया है। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि बैठक में समिति ने यह निर्णय लिया कि लातेहार के पप्पू पासवान, सलाम अंसारी, धनबाद के इम्तियाज अली, पलामू के लक्ष्मी नारायण तिवारी की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को पार्टी ने स्वीकार किया है उन्हें चेतावनी दी गई है कि भविष्य में पार्टी अनुशासनहीनता माफ नहीं करेगी। वहीं लोहरदगा के पार्टी के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव की ओर से भेजे गए पत्र में कहा है कि लोहरदगा जिले में पार्टी के पदाधिकारियों पर लगे अनुशासनहीनता के आरोपों को लेकर अनुशासन समिति ने दो सदस्यीय टीम का गठन किया है।

# मझिआंव ब्लॉक की चहारदीवारी में हो रहा है तीन नंबर ईंट का प्रयोग



बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** नगर पंचायत कार्यालय के समीप 5 करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे बीडीओ एवं सीओ आवास सहित स्टाफ क्वार्टर की चहारदीवारी में घटिया किस्म के ईट का प्रयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने डीसी शेखर जमुआर से विभागीय पदाधिकारियों की मनमानी रोकने की मांग की है। बताया जाता है कि इस संबंध में शिकायत के बाद सीओ प्रमोद कुमार ने सोमवार को निरीक्षण किया था और उनके द्वारा ईट की गुणवत्ता को देखने के बाद चिंता जताई गई थी और अच्छी गुणवत्ता वाले ईट लगाने का निर्देश दिया था। बताया जाता है कि सीओ के निरीक्षण कर जाते ही पुनः उसी तीन नम्बर के घटिया ईट का उपयोग किया जाता रहा। इसके पश्चात मंगलवार को भी एक नंबर का ईट नहीं लाया गया और पुराने ईट से ही चहारदीवारी बनाई जाती रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीडीओ, सीओ एवं स्टॉफ क्वार्टर के निर्माण में भी भवन निर्माण विभाग के इंजीनियरों की मिलीभगत से आधे से अधिक ईट तीन नम्बर का लगाया गया है। इस संबंध में भवन निर्माण विभाग के अलावे प्रखंड कार्यालय परिसर में डीसी से लेकर लगभग सभी विभागों के पदाधिकारी आते जाते रहते हैं लेकिन आश्चर्य है कि करोड़ो रुपए की लागत से बन रहे भवनों व चहारदीवारी पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। लोगों का कहना है कि सबसे मुख्य बात यह देखी जा रही है कि जिन बीडीओ, सीओ को उक्त क्वार्टरों में रहना है उन्हें भी यह चिंता नही है कि घटिया सामग्री लगाये जाने से बिल्डिंग समय से पूर्व ध्वस्त भी हो सकता है। इस तरह तो बीडीओ, सीओ एवं स्टॉफ क्वार्टर का तो भगवान ही मालिक है। इस संबंध में पूछने पर सीओ प्रमोद कुमार ने आश्चर्य जताया और कहा कि इस बारे में कार्यपालक अभियंता से शिकायत की जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### लकड़ी का बोटा लदा ट्रैक्टर जब्त

**छतरपुर :** वन विभाग ने जपला महुदंड मार्ग पर गम्हार की लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय टोप्पो के निर्देश पर प्रभारी वनपाल राकेश रोशन के नेतृत्व में वन विभाग छतरपुर पूर्वी और पश्चिम की टीम ने छापामारी में यह जब्ती की है। जब्त ट्रैक्टर को वन क्षेत्र कार्यालय छतरपुर लाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी टीम में अजय कुमार प्रभारी वनपाल, पंकज कुमार, सिरसीज उरांव प्रभारी वनपाल छतरपुर, लक्ष्मीकांत पांडेय, राजू रजक, अखिलेश कुमार, संतोष कुमार, मोहाफिज अंसारी, विनोद कुमार एवं अन्य वनरक्षी शामिल थे।

### समग्र विकास में समावेशी बजट : अविनाश

**मेदिनीनगर :** बेहतरीन बजट से उत्साहित विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में जाकर अबुआ राज के मुखिया हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को झामुमो के वरिष्ठ नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। श्री देव ने कहा कि एक लाख चौवालीस हजार चार सौ करोड़ के बजट में सबसे अधिक आधी आबादी को बजटीय राशि देना महिलाओं का सर्वाधिक सम्मान है। खेती, किसान, नौजवान, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, खेल, पर्यटन, पेंशन सबों को खयाल रखा गया है। इतना बेहतर बजट के लिये हेमंत सरकार के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर को आभार। हम आग्रह करेंगे कि पलामू निवासी होने के नाते इस प्रमंडल में दो विश्वविद्यालय, तीनों जिला में स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, कृषि एवं वनोपज आधारित कारखाना और सिंचाई के समुचित प्रबंध हो ताकि पलामू प्रमंडल के पलायन रुक सके और रोजगार के दरवाजे खुल सके।

## अपराध

### कार से शराब लेकर जा रहे थे बिहार

# अवैध शराब के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज




**मेराल :** मेराल थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक होंडा कार से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो युवकों को पकड़ा है। पकड़े गये युवकों में बिहार के अरवल थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 के जैकी कुमार 28 वर्ष पिता रामजी पासवान तथा कुंदन कुमार 25 वर्ष पिता अरुण पासवान शामिल हैं। बाद में पकड़े गये दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया मंगलवार कि प्रातः 4:00 बजे एसपी साहब को गुप्त सूचना मिली कि एक कार में महंगी शराब तस्करी के लिये ले जाया जा रहा है। सूचना पर एक छापामारी दल का गठन कर थाना गेट के सामने एनएच 75 पर लगाया गया। कुछ ही देर में एक काले रंग का होंडा कार थाना के सामने से तेजी से भागने लगी जिसे छापेमारी दल द्वारा पीछा कर पकड़ लिया गया। जब कार को चेक किया गया तब कार में रेड लेबल लिखा हुआ 750 एमएल का शीशा का सील बंद 156 बोतल, ब्लेंडर प्राईड लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट ट्रिपल डिस्टिल्ड लिखा हुआ 750 एमएल का तीन दर्जन बोतल, मैजिक मोमेंट फ्लेवर्ड वोडका ग्रीन एप्पल लिखा हुआ 750 एमएल का दो दर्जन बोतल, बावर्डी लेमन लिखा हुआ 750 एमएल का तीन दर्जन अंग्रेजी शराब का बोतल तथा काला रंग का एक कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एएन 4142 तथा कार के बीच वाले सीट के पावदान के पास दो अन्य नंबर प्लेट जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डीएल 4 सीएएन 3514 तथा बीआर 01बीई 6854 अंकित दो-दो पीस पाया गया। एसडीपीओ ने बताया कि महंगी अंग्रेजी शराब की तस्करी के लिये गाड़ी में रखे गये नंबर प्लेट को दूसरे प्रदेश बिहार और दिल्ली में लगाया जाता था। छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद, थाना प्रभारी विष्णुकांत, पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार सिंह, दीपक पासवान, रवि कुमार, प्रेम प्रकाश पांडेय, सहायक अवर निरीक्षक तुलेश्वर गंझू, आरक्षी 722 छोटू माझी, हवलदार गिरजा मोची तथा चौकीदार अनिल राम आदि शामिल थे।

## डॉ कौशल ने केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने बतौर मुख्य अतिथि देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में तमिलनाडु के मदुरई कृष्णा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं व मसुरी के तिब्बती केंद्रीय आवासीय विद्यालय एवं हरिद्वार के लुढ़की केंद्रीय आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का अपने संस्था के नवमनोनित अध्यक्ष धुम सिंह नेगी के साथ उद्घाटन किया। उन्होंने पर्यावरण धर्म के विधान के अनुसार कन्या पूजन कर पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ तमिलनाडु का रक्त चंदन का पौधा लगाया। वहीं कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। डॉ कौशल ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के 8 मुल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर उनका ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, भीषण गर्मी, जल संकट और जलवायु परिवर्तन समय रहते अगर नहीं रोका गया तो जिस तरह जल से बाहर मछलियां तड़पने लगती हैं ठीक उसी तरह जन और जानवर को भी आने वाले समय में पानी के लिये तड़पना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि उस विभीषिका से बचना है तो सरकार परमाणु ऊर्जा बंद करे और सभी उद्योगों में वाष्प चिमनी लगायें व गाड़ियों का वास्प साईलेंसर बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि उससे निजात पाने के लिये बड़े पैमाने पर पवन ऊर्जा और सौर ऊर्जा की व्यवस्था करनी होगी। इतना ही नहीं शहर में आकाश बाग और गांव में किसानों को वृक्ष की खेती करना होगा। क्योंकि वृक्ष खेती को अकाल सुखाड़ और जलवायु परिवर्तन का भय नहीं होता। पेड़ पौधे किसानों के लिये फिक्स्ड डिपॉजिट के समान होता है। उन्होंने कहा कि पुत्र साथ छोड़ सकता है परंतु पेड़ नहीं। मसूरी तिबति केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल रिन-जिन ने डॉ कौशल को सम्मानित किया।

## धूमधाम से मना शिवलिंग एवं चरण पादुका का स्थापना दिवस



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के गोसाईबाग में स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में मंगलवार को शिवलिंग एवं चरण पादुका का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर पूज्य गुरुपद बाबा संभव राम जी ने समाधि स्थल पर विधिवत पूजा अर्चना कर 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। श्रद्धालुओं के द्वारा 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया गया। जिसमें भक्तों ने अघोरा ना परो मंत्र नास्ति तत्वं गुरु परम का जाप करते झूमते गाते रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर समूह के सदस्यों के द्वारा दोपहर में सामूहिक भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। शिवलिंग एवं चरण पादुका के स्थापना दिवस के अवसर पर समूह के द्वारा निःशुल्क साड़ी का भी वितरण किया गया। उस मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, आनंद जायसवाल, प्रशांत सहाय, नागेंद्र प्रसाद, मनोज देव, नवीन कांत सिंहा, राजेंद्र यादव, रंजन कुमार छोटू, नवनीत सिंहा, दुर्गेश कुमार, अनूप श्रीवास्तव, परशुराम गुप्ता, नरेंद्र श्रीवास्तव, प्रमेंद्र सिंहा, झूलन लाल, पारस नाथ सिंहा, टुन्नु प्रसाद, श्रीकांत सिंहा, प्रभात रंजन सहाय, आशा श्रीवास्तव, नीतू देवी, प्रियंका सहाय, प्रिया कुमारी, दुर्गा कुमारी, नीलम कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कृषि फॉर्म विकसित करने में लगी दो एजेंसी पर करें कार्रवाई : डीसी



**मेदिनीनगर :** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति में शिथिलता बरतने को लेकर डीसी शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताते हुये इस कार्य में लगी दो कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया है। उन्होंने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र भेजने तथा एक माह के अंदर कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किये जाने की स्थिति में टर्मिनेट करने का भी निर्देश दिया है। वहीं प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्यप्रगति का भौतिक निरीक्षण व जांच के लिये डीसी ने डीडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी एवं डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल रहेंगे। समाहरणालय सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक में डीसी ने कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। यहां के किसान भी बेहतर कर रहे हैं। कृषि फॉर्म विकसित होने से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करते हुये कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी शब्बीर अहमद समेत जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कैस्ट्रॉल डिस्ट्रीब्यूटर ने अवैध कारोबारियों को दी चेतावनी



**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के कैस्ट्रॉल कंपनी के आधिकारिक डिस्ट्रीब्यूटर रूपेश कुमार सोनू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नकली मोबिल बनाने और बेचने वाले कारोबारियों को ऐसा न करने की चेतावनी दी है। ज्ञातव्य है कि पलामू प्रमंडल में कंपनी प्रतिनिधि एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। कैस्ट्रॉल कंपनी के पलामू प्रमंडल के डिस्ट्रीब्यूटर आरके एंटरप्राईजेज के प्रोपराईटर रूपेश कुमार उर्फ सोनू ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा मेदिनी नगर के सिद्धराज इंटरप्राईजेज ( प्रोपराईटर समीर सिन्हा), गढ़वा के एसके ऑटो (प्रोपराइटर रविंद्र कश्यप) नगर के आकांक्षा ऑटो (प्रोपराइटर संजीव कुमार) के यहां छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध मोबिल जप्त की गयी है। डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि नकली मोबिल बनाने वालों और बेचने वालों के कारण कंपनी के व्यापार को तो घाटा हो ही रहा है, साथ ही बेहद निम्न गुणवत्ता की मोबिल ग्राहकों को बेचे जा रहे हैं। नकली मोबिल बेचने वाले ग्राहकों को असली माल बताकर नकली माल बेच रहे। हैं और उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा उठाए गए कदमों से स्वस्थ एवं ईमानदारी पूर्वक व्यापार करने वालों का मनोबल बढ़ेगा एवं स्वस्थ बाजार का निर्माण होगा। डिस्ट्रीब्यूटर ने बताया कि अधिक मुनाफा कमाने की चाह में लोग नकली मोबिल का व्यापार कर रहे हैं। साथ ही डीलरों एवं ग्राहकों को यह भी सुझाव दिया कि केवल आधिकारिक डिस्ट्रीब्यूटर से ही माल खरीदें। नकली मोबिल का कारोबार एक बड़े बाजार का रूप लेता जा रहा है। ग्राहकों को सचेत एवं जागरूक होने की आवश्यकता है। सस्ते माल के चक्कर में नकली समान खरीद कर स्वयं का नुकसान न करें।

## गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव संपन्न

# 282 वोटर अधिवक्ताओं ने की वोटिंग, काउंटिंग आज

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव स्टेट बार काउंसिल की ओर से नामित प्रेक्षकों की देखरेख में मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन में संपन्न हुआ। इसके लिये संघ के चुनाव पदाधिकारियों की ओर से निर्धारित समय 11 बजे दिन में वोटिंग शुरू हुई। संघ के सदस्यों ने शाम चार बजे तक वोटिंग की। संघ के 12 विभिन्न पदों के लिये 287 मतदाताओं में से 282 मतदाताओं ने वोट डाले। काउंटिंग बुधवार को होगी। वोटिंग के दौरान चुनाव पदाधिकारी उपेंद्र प्रसाद सिंह, सतीश कुमार मिश्रा तथा परवेज आलम के अलावे स्टेट बार काउंसिल की ओर से नामित प्रेक्षक मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव व उनके सहयोगी प्रेक्षक भी उपस्थित थे। चुनाव में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी।

### आज होगा किस्मत का फैसला

अधिवक्ता संघ के चुनाव के बाद बुधवार को वोटों की गिनती होगी। मंगलवार को मतपेटी में जिनकी किस्मत बंद हुई उनमें संघ के अध्यक्ष पद के लिये वर्तमान अध्यक्ष गौतम कृष्ण सिन्हा उर्फ बुल्लू राजा एवं भृगुनाथ चौबे, महासचिव पद के लिये वर्तमान महासचिव मृत्युंजय तिवारी, परेश तिवारी, जितेंद्र कुमार एवं शशिमणि पांडेय, उपाध्यक्ष पद के लिये अशोक कुमार, दीपक कुमार, देवेंद्र प्रजापति, धीरेंद्र चौबे, जितेंद्र तिवारी एवं सच्चिदानंद शुक्ला, कोषाध्यक्ष पद के लिये अवध किशोर चौबे एवं गरीबुल्लाह अंसारी, सहायक कोषाध्यक्ष पद के लिये पंचम सिंह एवं रविशंकर प्रसाद, संयुक्त सचिव-वन के लिये देवदत्त चौबे, ओमप्रकाश चौबे एवं संजय कुमार भारती, संयुक्त सचिव-टू के लिए प्रवीण कुमार पांडेय, संतोष कुमार एवं सोमनाथ विश्वकर्मा के नाम शामिल है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के लिये अमरेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार मेहता, परमानंद कच्छप, राजीव कुमार पांडेय, सत्यनारायण सिन्हा एवं विकास कुमार पांडेय के नाम शामिल है।



# कांग्रेस नेता मानिक राम ने सीओ विकास कुमार सिंह पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** कांग्रेस नेता मानिक राम ने श्री बंशीधर नगर के सीओ विकास कुमार सिंह पर निबंधन के मामले में 65 हजार रुपये रिश्वत की मांग करने और नहीं देने पर जाति सूचक का प्रयोग करते हुये दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्मिक विभाग के सचिव को पत्र लिखकर श्री बंशीधर नगर के सीओ विकास कुमार सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इस मामले में जिले के डीसी, एसपी, विधायक, एसडीपीओ व थाना प्रभारी को भी पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मानिक राम ने श्री बंशीधर नगर अनुमंडल न्यायालय के माध्यम से सीओ के विरुद्ध ऑनलाईन प्राथमिकी भी दर्ज कराया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि सीओ विकास कुमार सिंह नगर ऊंटारी निबंधन विभाग के प्रभार में है और सोमवार को अपने गांव हुलहुला का क्रय किया गया भूमि का निबंधन के संबंध में उनसे मुलाकात किया तथा दूसरे दिन भूमि का निबंधन कराने की बात कही। जब उनसे मिलने के बाद बाहर निकला तो उनके दलाल के माध्यम से पुराना पंजी से मिलान नहीं होने की बात कह 65 हजार रुपये की मांग की गई। उन्होंने बताया कि जब इस मामले में सीओ को बताया कि सर्वे होने के बाद पुराना पंजी और भूमि स्वामित्व का जरूरत नहीं है इसके बाद भड़कते हुये सीओ ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग एवं गाली गलौज करते हुये अपने चेंबर से भागने की बात कहा तथा मेरे दस्तावेज फेंक दिया। उन्होंने अंचल कार्यालय और निबंधन कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार को देखते हुये कार्रवाई की मांग की है। उधर इस मामले में सीओ विकास कुमार सिंह ने कहा कि मानिक राम के द्वारा लगाया गया आरोप को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल से पहले पूर्व निबंधन पदाधिकारी हंस हेंब्रम के कार्यकाल के दौरान उनसे गलत कार्य कराने का प्रयास किया गया था। जब मेरे द्वारा नहीं किया गया तो वे गलत तरीके से एससी एसटी एक्ट का धौंस दिखाया जा रहा है।

## न्यूज अपडेट्स

### एससी-एसटी मामले में पारा शिक्षक गिरफ्तार

**मझिआंव :** बरडीहा थाना अंतर्गत खरडीहा गांव से एसटी-एससी मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार खरडीहा गांव निवासी नंदू यादव के पुत्र धर्मेंद्र यादव (पारा शिक्षक) और गांव के ही मथुरा रजवार वगैरह के बीच मारपीट एवं गाली गलौज हुआ था। जिसको लेकर मथुरा रजवार वगैरह के द्वारा एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिक के दर्ज कराया गया था। मंगलवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पारा शिक्षक को गिरफ्तार किया। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि गढ़वा थाना में एससी-एसटी के तहत कांड संख्या 20/18 के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त धर्मेंद्र यादव पिता नंदू यादव ग्राम खरडिहा निवासी को वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### बैंक कर्मी पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुमरी निवासी धर्मेंद्र कुमार ने टाउनशिप स्थित भारतीय स्टेट बैंक के कर्मी प्रिंस कुमार पर अभद्र व्यवहार और गाली गलौज किये जाने को लेकर शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर उक्त कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बैंक के ग्राहक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि मैं एसबीआई टाउनशिप के नियमित ग्राहक हूं। शाखा प्रबंधक के कहने पर जब ऋण का फार्म लेने बैंक कर्मी प्रिंस कुमार के पास गया तो उसने फार्म देने के नाम पैसा की मांग की। जब मैने पैसा देने से इंकार किया तो उक्त कर्मी ने मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। विरोध करने पर वह गाली गलौज पर उतारू हो गया और मारने के लिये मेरे उपर हाथ भी उठाया। पीड़ित ने शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर उक्त अनुशासनहीन कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## गढ़वा

### डीसी ने की जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक

# बंशीधर महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक/तीर्थ स्थलों के विकास के संदर्भ में विचार विमर्श के लिये डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति (डीटीपीसी) गढ़वा की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजितत की गई। जिसमें उपस्थित जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव के साथ बैठक में भाग लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्राप्त योजना प्रस्ताव के अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थल को नियमानुसार अपग्रेड करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके तहत सदर प्रखंड के गढ़देवी मंदिर को सी श्रेणी से बदलकर बी श्रेणी में पारित करने का प्रस्ताव दिया गया। वहीं श्री बंशीधर नगर के राजा पहाड़ी मंदिर एवं गढ़वा प्रखंड के बाबा खोनहरनाथ मंदिर को डी श्रेणी से हटाकर सी श्रेणी में अपग्रेड करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त मां गढ़देवी महोत्सव एवं खोनहरनाथ महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये विशेष अवसरों के आयोजन, पर्यटक स्थलों के बेहतर प्रबंधन, रंग-रोगन एवं रख-रखाव कार्यालय के संचालन हेतु विभिन्न गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया। गढ़वा जिला में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये गढ़वा पवित्र परिपथ को एक इंट्रा रीलिजियस सक्रिट के रूप में जोड़ने एवं विकसित करने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में श्री बंशीधर महोत्सव मनाने को लेकर आवश्यक तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। डीसी श्री जमुआर ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। श्री बंशीधर महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा शहर एवं जिले के अन्य जगह पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाने, साज-सज्जा, लाईटिंग, डेकोरेशन, महोत्सव के वृहद प्रचार प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, हेलीपैड निर्माण, अथितियों के लिये रहने की व्यवस्था, गोसाईबाग मैदान में महोत्सव की तैयारी करने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में एसी राज महेश्वरम, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, गढ़वा एसडीओ संजय पांडेय, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, रंका एसडीओ, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी एवं दक्षिणी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सायरन बजाने से एक निजी बैंक में चोरी की घटना होने से बचा



**मेराल :** थाना मुख्यालय के हाईस्कूल चौक के समीप सोमवार की रात्रि एक निजी बैंक में सेंधमारी करने की घटना प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार उत्कर्ष इस्माइल फाईनेंस बैंक में चोरों ने बैंक के पीछे का दीवार में सेंध मार कर अंदर घुसने का प्रयास किया। तभी बैंक में लगा सायरन बज गया। सायरन बजने पर आसपास के लोग जग गये तथा बैंक के पास पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ बैंक पहुंच कर घटना की जानकारी ली। बाद में बैंक के शाखा प्रबंधक श्याम सुंदर से ब्रांच का ताला खुलवाकर तहकीकात किया। पुलिस गंभीरता से घटना की पड़ताल में जुट गई है। बता दें कि उक्त बैंक गोंदा निवासी रामजबीत प्रजापति के घर में भाड़े पर संचालित होता है।

## निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री का उपयोग, किया निरीक्षण



**भवनाथपुर :** प्रखंड के कोण मंडरा में जिला परिषद से 55 लाख की लागत से निमार्णाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र में घटिया सामग्री का उपयोग किये जाने का मामला सामने आया है। इस निर्माण कार्य का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने किया। जहां उन्होंने भवन निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री पाये जाने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि संवेदक द्वारा मिट्टी युक्त बालू और घटिया ईंट इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ईंटें बेहद कमजोर और टूटी-फूटी हैं, जिससे भवन की मजबूती पर असर पड़ेगा। सीमेंट का अनुपात सही नहीं है, जिससे निर्माण कमजोर होगा। मिट्टी युक्त बालू का उपयोग किया जा रहा है जिससे भवन की दीवारों में दरारें आ सकती हैं। फर्श और छत निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे यह लंबे समय तक टिकाऊ नहीं रहेगा। निरीक्षण के बाद रंजनी शर्मा ने संवेदक को चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो वे डीसी से शिकायत करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## कचहरी के समीप दो कंप्यूटर केंद्र से छह हजार नगद समेत लाखों रुपये के सामान की हुई चोरी

**बंशीधर न्यूज**



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर शहर के कचहरी के समीप बीती रात चोरों ने दो कंप्यूटर केंद्र के गुमटी का ताला तोड़ लाखों रुपये का समान सहित छह हजार नकद चुरा लिया है। घटना के बाद दोनों कंप्यूटर केंद्र के संचालकों ने थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी सोनम कंप्यूटर केंद्र के संचालक सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह जब कंप्यूटर केंद्र खोलने पहुंचा तो देखा कि केंद्र का ताला टूटा हुआ है और केंद्र में रखा प्रिंटर, इनवटर, बैटरी, की बोर्ड, माउस सहित चार हजार नकद गायब है। वहीं अमित कंप्यूटर केंद्र के संचालक अमित कुमार ने बताया कि दुकान पहुंचने पर लगा दोनों ताला टूटा हुआ था और दुकान में रखा प्रिंटर तथा दो हजार रुपये नकद गायब है। चोरी की जानकारी फैलते ही आस पास के दुकानदारों की भीड़ लग गई। लोगों का कहना था कि जिस जगह चोरी की घटना हुआ उससे दस कदम की दूरी पर व्यवहार न्यायलय के सुरक्षा गार्ड रहते हैं। उसके बाद भी दुकानों में चोरी होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दुकानदारों ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## डीसी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं

# लोगों ने डीसी के पास रखीं 20 से अधिक समस्याएं

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** जिला दण्डाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं उसके निष्पादन के लिये संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान, अनुकम्पा आधारित नौकरी समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुये लोगों की समस्या सुनी गई। साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने के लिये संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सर्वप्रथम प्रखंड खरौंधी के ग्राम सुंडी से आये बसंत मिंज ने अपने आवेदन के माध्यम से डीसी को बताया कि उन्हें 15 वें वित्त से मुखिया के द्वारा चबूतरा निर्माण कराने को मिला था, जिसका कार्य दो माह पूर्व हो चूका है, लेकिन अभी तक उन्हें इसकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने डीसी से होली पर्व को देखते हुये इसका भुगतान कराने का अनुरोध किया। रंका के नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय से आई आशा कुमारी तिग्गा ने अपना आवेदन देते हुये डीसी को बताया कि उनके आवासीय विद्यालय में अनाथ, एकल माता-पिता, गरीब, उग्रवादी प्रभावित क्षेत्र तथा सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे अध्ययनरत है। उन्होंने बताया कि उनके विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था की कमी है। इस विद्यालय में चहारदीवारी भी नहीं है। वे अकेले एक सौ छात्रों का देखभाल करती है। अतः उन्होंने डीसी से छात्रों की सुरक्षा के मद्देनजर अन्य कस्तूरबा विद्यालय की भांति इस विद्यालय में भी दो होमगार्ड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 20 से अधिक मामले प्राप्त हुये। कुछ मामलों को लेकर डीसी श्री जमुआर ने टेलीफोन माध्यम से संबंधित पदाधिकारी से बात कर आवश्यक निर्देश दिया तथा शेष आमजनों से प्राप्त शिकायतों के समाधान के लिये उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

## बैंक में घुसा चोर, गुमटी से उड़ाये पैसे

**बंशीधर न्यूज**




**सगमा :** प्रखंड में मुख्य पथ तथा सगमा बीरबल मुख्य पथ के तिराहे के समीप सगमा सेंट्रल बैंक शाखा कार्यालय है। बैंक शाखा के बगल में कई दुकान संचालित होता है। इसी में एक मकान मालिक का दुकान है। दुकान के मालिक सुबह अपनी दुकान खोलने के लिये आये तो देखा कि बीरबल रोड की तरफ लगा रोशनदान टूटा हुआ है। इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से बैंक कर्मियों को दिया। सूचना पर पहुंचे शाखा प्रबंधक रविशंकर कुमार ने देखा कि बैंक का रोशनदान टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना धुरकी थाना के साथ एसपी को भी दिया। सूचना पर संज्ञान लेते हुये एसपी दीपक कुमार पांडेय ने दल बाल के साथ सगमा पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालने पर देखा गया की एक चोर रोशनदान से बैंक के अंदर प्रवेश किया। मगर बैंक के अंदर लगे अन्य ताला को चोर खोलने में नाकामयाब रहा। चोर बगल के पान गुमटी का ताला तोड़कर एक हजार रुपया निकालकर लेते गया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा से मिले फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाया जा रहा है। बहुत जल्द चोर पुलिस के गिरफ्त में होगा। मौके पर श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के साथ बैंक कर्मी उपस्थित थे।



## कार्तिक के फैमिली फंक्शन में डांस करती दिखीं श्रीलीला


अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी, और दोनों की जोड़ी पहली बार साथ दिखेगी। श्रीलीला हाल ही में कार्तिक की पारिवारिक पार्टी में शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार्तिक के परिवार के साथ 'किसिक' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। हाल ही में कार्तिक आर्यन ने अपने घर पर बहन डॉ. कृतिका तिवारी की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक पार्टी रखी, जिसमें श्रीलीला भी शामिल हुईं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में श्रीलीला को 'किसिक' गाने पर लोगों के साथ डांस करते हुए देखा जा सकता है। लेकिन जैसे ही उनकी नजर कैमरे पर पड़ती है, वह शमार्ते हुए हंसने लगती हैं और अपना चेहरा छिपा लेती हैं। इस दौरान कार्तिक भी मुस्कुराते नजर आते हैं और उन्हें वीडियो रिकॉर्ड करते हुए देखा जा सकता है। कार्तिक और श्रीलीला के इस वीडियो पर प्रशंसक जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, अगर इनकी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री इतनी शानदार है, तो सोचिए फिल्म में ये कितने कमाल के लगेंगे।

## तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का हुआ ब्रेकअप



बॉलीवुड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। कुछ सितारे समझदारी से अपने रिश्ते संभाल लेते हैं, जबकि कुछ लाख कोशिशों के बावजूद अपने प्यार को शादी तक नहीं पहुंचा पाते। अब तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा भी इसी कड़ी में शामिल हो गए हैं। दोनों ने आपसी सहमति से अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। हालांकि, उनके बीच दोस्ती बरकरार रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक करीब तीन साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अब अलग हो चुके हैं। कुछ हफ्ते पहले ही दोनों का ब्रेकअप हो गया। फैंस जहां उनकी शादी की खबर का इंतजार कर रहे थे, वहीं इस ब्रेकअप ने सभी को हैरान कर दिया है। हालांकि, तमन्ना और विजय ने इस स्थिति को सम्मानजनक तरीके से संभालने का फैसला किया है, और उनके बीच दोस्ती का रिश्ता बरकरार रहेगा। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा एक-दूसरे की बेहद इज्जत करते हैं और हमेशा एक-दूसरे की ताकत बने रहे हैं। उन्होंने अपने रिश्ते को सम्मान दिया है और अलग होने के बावजूद वे यह सम्मान बरकरार रखेंगे। तमन्ना और विजय ने वेब सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 2' में साथ काम किया था, जिसके बाद उनके अफेयर की चर्चा तेज हो गई थी। बाद में दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया था।

## भारतीय राजस्व सेवा (78वें बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की



# चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची भारतीय टीम, सेफा में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार इस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिले 265 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत बहुत अच्छी नहीं ही। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल मात्र 8 रन बनाकर आउट हो गए। फिर 43 रन के कुल योग पर कप्तान रोहित शर्मा (28) भी पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद विराट कोहली और श्रेयश अय्यर ने पारी को संभाला और 91 रनों की साझेदारी कर टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। अय्यर 45 रन और कोहली 84 रन बनाकर आउट हुए। जबकि पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अक्षर पटेल ने 27 रन की अहम पारी खेली। आखिर में केएल राहुल (नाबाद 42 रन) और हार्दिक पांड्या (28 रन) ने टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। रविंद्र जडेजा 2 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जम्पा और नाथन



एलिस ने दो-दो विकेट चटकाए। जबकि बेन ड्वारिस और कूपर कोनोली को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 264 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 रन और एलेक्स कैरी ने 61 रन की जुझारू पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड ने 39 रन, मार्नर लाबुशेन ने 29 रन का योगदान दिया। भारत के लिए मोहम्मद शमी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन विकेट अपने नाम किए। जबकि रविंद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को भी एक-एक सफलता मिली।

### दुबई में भारतीय टीम का दबदबा

इस जीत के साथ भारत ने दुबई में एक नया रिकॉर्ड भी बनाया है। भारतीय टीम उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गई है, जिन्होंने इस मैदान पर 250 से अधिक रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया है। इससे पहले, इस मैदान पर बड़े स्कोर का पीछा करना चुनौतीपूर्ण माना जाता था, लेकिन भारत ने अपने मजबूत बल्लेबाजी क्रम से यह कारनामा कर दिखाया।

### लगातार तीसरी बार फाइनल में भारत

भारतीय टीम ने लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने का गौरव हासिल किया है। 2013 में खिताबी जीत दर्ज करने के बाद, 2017 में भारत फाइनल तक पहुंचा था लेकिन वहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। अब 2025 के फाइनल में टीम के पास एक और ट्रॉफी जीतने का सुनहरा मौका है।

### विराट कोहली का शानदार फॉर्म

विराट कोहली इस टूनामेंट में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो रहे हैं। उन्होंने अब तक 4 पारियों में 72.33 की औसत से 217 रन बनाए हैं, जिससे वह भारत के शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। उनकी इस फॉर्म से भारतीय टीम को फाइनल में भी काफी उम्मीदें होंगी।

## लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन




में दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की विशेष प्रतिभा और आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्था आधारित और लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक और चुनौतीपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य इस सदी के पूर्वार्ध के संपन्न होने के पहले ही भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े सभी लोगों और विद्यार्थियों को वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों और सहयोग को मजबूत करने से युवा विद्यार्थी 21वीं सदी की दुनिया में अपनी एक अधिक प्रभावी पहचान बना सकेंगे। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा की उपलब्धता से विदेश में अध्ययन करने की प्रवृत्ति में कमी आएगी। देश की युवा प्रतिभा का राष्ट्र निर्माण में बेहतर उपयोग हो सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर होना ही सही मायने में विकसित, बड़ी और मजबूत अर्थव्यवस्था की पहचान है। अनुसंधान और नवाचार पर आधारित आत्मनिर्भरता हमारे उद्यमों और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी। ऐसे अनुसंधान और नवाचार को हर संभव सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में शिक्षा और उद्योग का संबंध मजबूत दिखाई देता है।

Hit लिस्ट

## मोदी आज रोजगार पर पोस्ट-बजट वेबिनार में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर लगभग 1:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर पोस्ट-बजट



वेबिनार में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन भी होगा। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, यह वेबिनार सरकार, उद्योग, शिक्षाविदों और नागरिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा। साथ ही परिवर्तनकारी बजट घोषणाओं को प्रभावी परिणामों में बदलने में मदद करने के लिए चचाओं को प्रोत्साहित करेगा। नागरिकों को सशक्त बनाने, अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने पर मुख्य ध्यान देने के साथ इस वेबिनार में विचार-विमर्श का उद्देश्य टिकाऊ और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करना है।

## डॉ दिलीप फिर बने बिहार भाजपा के अध्यक्ष

**पटना।** बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से डॉ दिलीप जायसवाल की ताजपोशी हुई है। पटना के बापू सभागार में



मंगलवार को हुई प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर उनके नाम का ऐलान किया गया। डॉ जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। बिहार चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पटना में प्रदेश परिषद की बैठक आयोजित की है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को अंतिम रूप देना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है।

**यह केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है-विद्या भारती के पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग का संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने किया शुभारंभ**

# दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें , देनी होगी मानवता की दिशा : मोहन भागवत

**भोपाल।** स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएं। विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज विश्व भारत की ओर देख रहा है। उसे भारत से बहुत उम्मीदे हैं, भारत को विश्व भर में मानवता की दिशा देनी होगी। संघ प्रमुख डॉ. भागवत मंगलवार को विद्या भारती के आयोजित पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्?थि?त शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आज आवासीय



वर्ग का शुभारंभ करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है बल्कि यह छात्रों के जीवन मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता अपितु इसका उद्देश्य समाज को नैतिक रूप से समृद्ध बनाना भी है। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन इसमें निष्क्रिय होकर बैठना उचित नहीं होगा। मानव अपने मस्तिष्क के बल पर समाज में परिवर्तन लाता है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह परिवर्तन सकारात्मक हो। संघ प्रमुख ने कहा है कि आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स्वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक विशेषता पर जोर देते हुए कहा कि हमें विविधता में एकता बनाए रखनी होगी। भारत की संस्कृति ने हमेशा सभी को जोड़ने का कार्य किया है और इसे बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। सब में मैं हूँ, मुझ में सब हैं, डॉ. भागवत ने भारतीय दर्शन के इस मूल विचार को रेखांकित किया कि प्रत्येक व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि वह समाज का अभिन्न अंग है और समाज भी उसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस दृष्टिकोण से हमें अपने कार्यों को संचालित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं और हमें उन लोगों को भी साथ लेकर चलना है जो हमारे विचारों से सहमत नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी का भी मत भिन्न हो सकता है, लेकिन कार्य की दिशा सही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विमर्श का स्वरूप बदलना भी एक महत्वपूर्ण कार्य है। हमें सकारात्मक सोच और रचनात्मक विचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करना चाहिए।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)